08.05.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

सरकार-सर्वदलीय बैठक

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद नई दिल्ली में आज सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, नेता विपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव, तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंद्योपाध्याय, डीएमके नेता टी.आर. बालू, लोक जनशक्ति पार्टी नेता और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, जनता दल युनाइटेड नेता संजय झा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-एसपी नेता सुप्रिया सुले, शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे, AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी समेत कई नेता बैठक में शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक में सरकार की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्यवाही को साझा किया गया है। बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि पार्टी लाइन से हटकर नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की और आतंकवादियों के खिलाफ सशस्त्र बलों की कार्रवाई पर गर्व व्यक्त किया है।

एनएसए प्रधानमंत्री

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर भेंट की। यह मुलाकात पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई के एक दिन बाद हुई है।

इससे पहले, श्री डोभाल ने पहलगाम में आतंकी हमले के खिलाफ आतंकवादी ढांचे पर गई कार्रवाई के बारे में तमाम देशों के सुरक्षा सलाहकारों से भी बातचीत की थी। उन्होंने कहा था कि भारत का स्थिति को और बिगाड़ने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन यदि पाकिस्तान उकसावे वाली कोई कार्रवाई करता है तो भारत उसे जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

AI भारत@MP

मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम एवं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग द्वारा आज से भोपाल में "AI भारत @MP – कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आधार और डिजिटल गवर्नेंस में नवाचार" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यशाला में डिजिटल गवर्नेंस को अधिक प्रभावी, समावेशी और

नागरिकोन्मुखी बनाने के लिये 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' और 'आधार' यानी UIADI के प्रयोग की संभावनाओं पर मंथन किया जा रहा है। कार्यशाला में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अपर मुख्य सचिव संजय दुबे राज्य की डिजिटल रणनीति पर प्रकाश डालेंगे। वहीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग के सीईओ नंद कुमारम, डिजिटल नीति पर राष्ट्रीय दृष्टिकोण साझा करेंगे।

विश्व रेडक्रॉस दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व रेडक्रॉस दिवस 2025 के अवसर पर किसी भी संकट की घड़ी में मानवता की सेवा में तत्पर स्वयंसेवकों को सादर नमन किया है। डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि विश्व बंधुत्व और मानव कल्याण की भावना से कार्य करने वाले ये स्वयंसेवक समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के स्वयंसेवक विपरीत परिस्थितियों में भी मानव जीवन की रक्षा और सहायता के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं।

विश्व रेडक्रॉस दिवस हर साल 8 मई को मनाया जाता है, जो रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट की जयंती का प्रतीक है। यह दिन मानव सेवा, करुणा और दया के मूल्यों को सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है।

शिक्षा आवेदन

माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कल से फार्म भरे जाना शुरू हो गये हैं। फार्म 21 मई तक भरे जा सकेंगे। हाई स्कूल द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून तक और हाई सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई तक सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर देखी जा सकती है।

संक्षिप्त समाचार

1- पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल कल नर्मदापुरम जिले की सोहागपुर तहसील में आयोजित पंच सरपंच सम्मेलन में शामिल हुए।

2- जबलपुर की MP-MLA कोर्ट ने कंगना रनौत को राहत देते हुए उनके खिलाफ दायर परिवाद को खारिज कर दिया है।

3- श्रमिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से आगरमालवा जिले में चलाये जा रहे विधिक साक्षरता अभियान के तहत कल स्थानीय कृषि उपज मंडी में लगाये गये शिविर में श्रमिको के लिये निःशुल्क

विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया।

4- जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नीमच जिले के कुकडेश्वर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।